दिन– शुक्रवार

दिनांक– 28 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दस लाख जीविका दीदियों के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. मुख्यमंत्री ने सभी विभागों और जिलों को इकतीस दिसम्बर तक रिक्तियों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने के निर्देश दिये हैं।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव में हारने वाले किसी भी प्रत्याशी ने ईवीएम के डाटा सत्यापन के लिए आवेदन नहीं किया।

04. और, बिहार राज्य महिला आयोग ने सोनपुर मेले में देह व्यापार से जुड़ी खबरों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। आयोग की टीम एक दिसम्बर को करेगी स्थल निरीक्षण।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से एक हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विभागों और जिलों को इकतीस दिसम्बर तक रिक्तियों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि रिक्तियों की जांच के बाद सामान्य प्रशासन विभाग संबंधित नियुक्ति आयोगों को इस बारे में अधियाचना भेजेगा। श्री कुमार ने विभिन्न आयोगों और चयन एजेंसियों को अगले वर्ष जनवरी तक नियुक्ति के लिए वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही किसी भी परिस्थिति में परीक्षा का अंतिम परिणाम विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक साल के भीतर घोषित करने के निर्देश भी दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में

एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार के दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों और आठ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों में से किसी भी हारने वाले उम्मीदवार से जली हुई मेमोरी या माइक्रोकंट्रोलर की जाँच और सत्यापन के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। गौरतलब है कि आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सत्रह जून को ईवीएम की जली हुई मेमोरी या माइक्रोकंट्रोलर की जाँच के लिए संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया जारी की थी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रेंडम तरीके से पाँच मतदान केंद्रों के लिए वीवीपैट पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन किया गया था। मतगणना में कोई विसंगति नहीं पाई गई। इसके अलावा दो हज़ार छह सौ सोलह प्रत्याशियों में से किसी ने भी पुनर्मतदान का अनुरोध नहीं किया।

---

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद नई दिल्ली में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेश राम ने कहा कि बैठक में संगठन को मजबूत करने और नये सिरे से तैयारी करने पर सहमति बनी है।

———बाईट———

---

प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सभी आरक्षित पदों में बदलाव होगा। पंचायती राज अधिनियम के अनुसार पिछले दो चुनावों में जिन पदों पर जिस कोटि के प्रत्याशियों को आरक्षण का लाभ दिया गया था, वहां पर आरक्षण का चक्र बदल जायेगा। गौरतलब है कि नीतीश सरकार ने वर्ष दो हजार छह में पहली बार सभी पदों का आरक्षण लागू किया था। जिसका चक्र वर्ष दो हजार गयारह में समाप्त हो गया। इसके बाद वर्ष दो हजार सोलह और दो हजार इक्कीस में पंचायत चुनाव में आरक्षण का चक्र सामान्य रहा था।

---

बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। बसपा प्रमुख मायावती को लिखे पत्र में उन्होंने अपने इस्तीफे के लिए निजी कारणों का हवाला दिया है।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि राज्य में अपराध नियंत्रण के लिए चार सौ सूचीबद्ध अपराधियों की संपत्ति जब्त की जायेगी। पटना में संवाददाताओं

से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि माफियाओं की सूची और उनसे संबधित दस्तावेज न्यायालय को सौंप दिए गए हैं। न्यायलय के आदेश के बाद शीघ्र ही इनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि एक हजार दो सौ आठ कुख्यात अपराधियों की एक नई लिस्ट भी बनाई जा रही है।

———बाइट———

डीजीपी ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास पिंक पुलिसिंग को और बेहतर किया जायेगा।

———बाइट———

---

प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण भवनों के निर्माण के लिए अभियंता और ठेकेदार प्रत्येक महीने दो बार बैठक करेंगे। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने उन्नीस विभागों से जुड़ी भवन निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिये। निर्देश के अनुसार निर्माण कार्य के लिए कार्यपालक अभियंता और ठेकेदार की जिम्मेदारी तय होगी। साथ ही भवन निर्माण में उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच विभाग के केन्द्रीय प्रयोगशाला में की जायेगी।

---

बिहार राज्य महिला आयोग ने सोनपुर मेले में देह व्यापार से जुड़ी खबरों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि आयोग की टीम एक दिसम्बर को संबंधित स्थल का निरीक्षण कर महिलाओं से बातचीत करेंगी।

---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों से समय पर परीक्षाएँ आयोजित करने और अंतिम उपाधियाँ तथा प्रमाणपत्र शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी शैक्षणिक कैलेंडर में निर्दिष्ट समय पर परीक्षा आयोजित करने और परिणाम प्राप्त करने के हकदार हैं। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम घोषित होने के एक सौ अस्सी दिनों के भीतर डिग्री प्राप्त करने के भी हकदार हैं। यह भी कहा गया है कि नियमों का पालन न करने की स्थिति में आयोग दंडात्मक कार्रवाई करेगा।

---

सीबीएसई ने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटीईटी दो हजार छब्बीस के लिए आवेदन तिथि जारी कर दी है। कल इस संबंध में अधिसूचना जारी होने के साथ ही

आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अभ्यर्थी अठारह दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन अगले वर्ष आठ फरवरी को होगा।

---

राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में आज एक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने बताया कि सम्मेलन में धर्म के बहुआयामी स्वरूप और भारतीय दार्शनिक परंपराओं में उसकी भूमिका पर चर्चा होगी। इस चर्चा में नौ देशों के विद्वान शामिल होंगे।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद में सबसे कम नौ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान न्यूनतमत तापमान में विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इसके बाद तापमान में क्रमिक गिरावट हो सकती है। वहीं, सबसे कम दृश्यता चार सौ पचास मीटर पूर्णिया में दर्ज की गयी। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिन के दौरान एक या दो स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने के आसार है।

---

धुंध और ठंड में बढ़ोतरी के साथ ही राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई शहरों की हवा प्रदूषित हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित नौ शहरों की हवा प्रदूषित रही। राजधानी पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक–एक्यूआई एक सौ पैंसठ दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का एक्यूआई एक सौ इकसठ रिकॉर्ड किया गया। सैंतालीस एक्यूआई के साथ बेगूसराय की हवा सबसे स्वच्छ रही।

---

शिक्षा विभाग ने शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोधनबीघा में तैनात विशिष्ट शिक्षक संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग ने विधानसभा निर्वाचन कार्य में उनकी उदासीनता और शिथिलता को लेकर यह कार्रवाई की है।

---

इधर, मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने औरंगाबाद के मद्य निषेध अधीक्षक अनिल कुमार आजाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक किशोर की मौत के बाद ग्रामीणों ने हंगामा और सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मामले में काशीचक थानाध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

---

निगरानी टीम ने नालंदा जिले के कराय–परशुराय से एक राजस्व कर्मी संजय कुमार को साढ़े चार हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार रेल मंडल के सोलह रेलवे स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन पर एक सौ पन्द्रह सुविधा सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

---

बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला अंडर ट्वेंटीथ्री टी–ट्वेंटी किक्रेट प्रतियोगिता के एलिट ग्रुप मुकाबले में दिल्ली ने बिहार को नवासी रनों से पराजित कर दिया।

इधर, सैयद मुश्ताक अली टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार का मुकाबला आज मध्य प्रदेश से होगा। यह मैच कोलकाता में खेला जायेगा।

कोलकाता में आयोजित ईस्ट जोन स्मिता वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बिहार की कुमकुम कुमारी ने अड़तालीस किलोग्राम भार वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में बिहार ने कुल चार पदक जीते हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की रोजगार से जुड़ी घोषण को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सरकारी नौकरियों को भर्त्ती कैलेंडर जनवरी में।

प्रभात खबर ने मेडिकल कॉलेजों में रिश्वतखोरी से जुड़ी खबरों को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार समेत दस राज्यों में ईडी के छापे। खगड़िया के मेडिकल कॉलेज समेत देशभर में पन्द्रह स्थानों पर एक साथ कार्रवाई।

दैनिक जागरण लिखता है– सीवान में बेखौप अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग करते पचास लाख के आभूषण लूट।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पंचायत चुनाव मल्टी पोस्ट ईवीएम से होंगे। दस चरणों में चुनाव कराने की चल रही है तैयारी।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– परमाणु क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोला जायेगा।

आज अखबार लिखता है– हांगकांग में सात इमारतों में भीषण आग, पैंसठ की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दस लाख जीविका दीदियों के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. मुख्यमंत्री ने सभी विभागों और जिलों को इकतीस दिसम्बर तक रिक्तियों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने के निर्देश दिये हैं।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव में हारने वाले किसी भी प्रत्याशी ने ईवीएम के डाटा सत्यापन के लिए आवेदन नहीं किया।

04. और, बिहार राज्य महिला आयोग ने सोनपुर मेले में देह व्यापार से जुड़ी खबरों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। आयोग की टीम एक दिसम्बर को करेगी स्थल निरीक्षण।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।